# *औद्योगिक संभावना सर्वेक्षण : 2015-16**

*यह वार्षिक लेख इस श्रृंखला का चौथा लेख है। इसमें वित्तीय वर्ष 2015-16 (इसमें सर्वेक्षण के 70वें से लेकर 73वें तक के दौर शामिल हैं) के दौरान किए गए औद्योगिक संभावना सर्वेक्षण (आइओएस) के निष्कर्षों को प्रस्तुत किया गया है। पहली दो तिमाहियों में विनिर्माण क्षेत्र में कारोबारी रूझान अनुकूल नहीं थे, किंतु तीसरी तिमाही में परिस्थितियों में सुधार देखा गया। तथापि, चौथी तिमाही में कमजोर कारोबारी रूझानों के चलते गिरावट आई। चौथी तिमाही के औसत कारोबारी संभावना सूचकांक (बीईआई) के आधार पर वित्तीय वर्ष 2015-16 में कारोबारी परिस्थितियां वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में बेहतर रहीं।*

## I. प्रस्तावना

भारत में मौद्रिक नीति तैयार करने की प्रक्रिया में भारतीय रिज़र्व बैंक विविध समष्टिआर्थिक सूचकों की प्रवृत्ति पर नजर रखता है। तथापि, इनमें से अधिकांश सूचक विलंब से उपलब्ध हो पाते हैं। इस अंतराल को पाटने के लिए, रिज़र्व बैंक कुछ प्रगतिशील सर्वेक्षण करता है जिनमें कॉर्पोरेट और हाउसहोल्ड क्षेत्रों को शामिल किया जाता है। संगठित क्षेत्र के अंतर्गत और अधिक आर्थिक गतिविधियों के शामिल होने तथा कॉर्पोरेट क्षेत्र के अर्थव्यवस्था में प्रमुख क्षेत्र होने के कारण, वर्तमान और निकट भविष्य में कारोबारी निर्णयों को निर्धारित करने वाले कारोबारी रूझान सर्वेक्षणों से नीति निर्धारण के लिए महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं। बहुत से अन्य केंद्रीय बैंक भी इस प्रकार के कारोबारी रुझान सर्वेक्षण करते हैं जिनमें विभिन्न तरह के कारोबारी मानदंडों के संबंध में गुणात्मक जानकारी मांगी जाती है।

अंतरराष्ट्रीय कार्यप्रणाली के अनुरूप, रिज़र्व बैंक भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के संबंध में 1988 से औद्योगिक संभावना सर्वेक्षण (आईओएस) तिमाही आधार पर करता आया है। इस सर्वेक्षण में मांग की परिस्थितियों, वित्तीय परिस्थितियों, रोजगार की परिस्थितियों तथा मूल्य स्थिति से संबंधित मानदंड-समूह के संबंध में गुणात्मक प्रतिक्रियाओं के आधार पर वर्तमान तिमाही के संबंध में कारोबारी रुझानों का मूल्यांकन तथा आगामी तिमाही के लिए अपेक्षाओं को दर्ज किया जाता है।

यह सर्वेक्षण विनिर्माण कार्य करने वाली 2,500 कंपनियों के निर्धारित समूह के बीच किया जाता है, जिनमें से अधिकांश की चुकता पूंजी ₹5 मिलियन से अधिक है जो आकार और उद्योग समूहों के बढ़िया मिश्रण को दर्शाता है। जहां तक संभव हो, उत्तरदाताओं के पैनल को एक समान रखा जाता है और जब कभी आवश्यक होता है तब नई कंपनियों को जोड़े जाने या बंद हुई/समामेलित कंपनियों के नामों को हटा कर अद्यतन रखा जाता है। यह सर्वेक्षण स्वैच्छिक आधार पर किया जाता है 2015-16 के दौरान इसमें लगभग 55 प्रतिशत प्रतिक्रयाएं प्राप्त हई हैं।

इस लेख में अप्रैल-जून 2015 से लेकर जनवरी-मार्च 2016 तक (अर्थात वित्तीय वर्ष 2015-16) की चार तिमाहियों के संबंध में सर्वेक्षण में प्राप्त प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण किया गया है। तिमाही सर्वेक्षणों के परिणामों का भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट के माध्यम से नियमित रूप से प्रसारित किया जाता है। संबंधित आंकड़ों की सारणियां (वार्षिक श्रृंखला) अनुबंध में दी गई हैं।

## II. कारोबारी रुझानों में गिरावट दर्ज की गई

कारोबारी संभावना सूचकांक (बीईआई) की गणना चुनिंदा नौ मानदंडों[2] पर निवल प्रतिक्रियाओं (एनआर)[1] के भारित औसत के आधार पर की जाती है। इस सूचकांक से प्रत्येक तिमाही में औद्योगिक संभावनाओं की एक तस्वीर प्राप्त हो जाती है। प्रत्येक दौर के सर्वेक्षण में दो सूचकांक की गणना - पहला मौजूदा तिमाही के मूल्यांकन के आधार पर और दूसरा आगामी तिमाही की संभावना के आधार पर की जाती है।


वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बीईआई (मूल्यांकन पर आधारित) आशाजनक बना रहा। यह 100 के सीमा स्तर पर रहा, जो अर्थव्यवस्था के संकुचन (निर्धारित सीमा से कम) एवं विस्तार (निर्धारित सीमा से अधिक) को पृथक करता है। वित्तीय वर्ष 2015-16 की पहली दो तिमाहियों में कारोबारी स्थिति में गिरावट देखी गई, किंतु तीसरी तिमाही में सुधार हुआ। तथापि, चौथी तिमाही में फिर से गिरावट दर्ज की गई।

* भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई के सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, उद्यम सर्वेक्षण प्रभाग में तैयार किया गया। सर्वेक्षण के नवीनतम दौर के आंकड़े भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट में 5 अप्रैल, 2016 को जारी किए गए और यह आंकड़े https://rbidocs.rbi.org.in/rdocs/Publications/PDFs/IOSति040416124A4E08B1684B73949143890318EBAD.PDF. में उपलब्ध हैं। सर्वेक्षण के परिणाम प्रतिक्रियादाताओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं पर आधारित हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक का उनसे सहमत होना अनिवार्य नहीं है।

[1] निवल प्रतिक्रिया आशावादी (सकारात्मक) एवं निराशावादी (नकारात्मक) प्रतिक्रियाओं के प्रतिशत का अंतर है।


[2] सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण में प्रयुक्त विस्तृत प्रणाली का प्रकाशन भारतीय रिज़र्व बैंक के मासिक बुलेटिन के अक्तूबर 2009 अंक में 'तिमाही औद्योगिक संभावना सर्वेक्षण : 2000-01 से प्रवृत्ति' लेख में किया गया था। तथापि, सुलभ संदर्भ हेतु बीईआई की गणना में जिन नौ मानदंडों को ध्यान में रखा जाता है, वे इस प्रकार हैं - (1) समग्र कारोबारी परिस्थिति, (2) उत्पादन, (3) ऑर्डर बुक, (4) कच्चे माल की इन्वेंटरी, (5) तैयार माल की इन्वेंटरी, (6) लाभ मार्जिन, (7) रोजगार, (8) निर्यात एवं (9) क्षमता-उपयोग।

**चार्ट 1 : व्यवसाय अपेक्षा सूचकांक**




वार्षिक आधार पर, 2015-16 के लिए 4-तिमाहियों का औसत[3] बीईआई 103.4 के स्तर पर रहा जो पिछले वर्ष 105.7 के स्तर पर था। जैसा कि बीईआई से पता चलता है कि 2015-16 में कारोबारी परिस्थितियों में सभी नौ मानदंडों (जिनसे बीईआई निर्मित होता है) में गिरावट देखी गई है। 'समग्र कारोबारी स्थिति', 'उत्पादन', 'आदेश बही' तथा 'निर्यात' में काफी गिरावट देखी गई है (चार्ट 2)।

**चार्ट 2 : चुनिंदा संकेतकों (मूल्यांकन) की निवल प्रतिक्रियाओं (औसत) में परिवर्तन**




सामान्यतः अपेक्षाओं पर आधारित सूचकांक मूल्यांकन पर आधारित सूचकांक की तुलना में उच्च स्तर पर रहते हैं। वित्तीय वर्ष 2015-16 में बीईआई (संभावना/अपेक्षा) बीईआई (मूल्यांकन) की तुलना में उच्च स्तर पर बना रहा ; तथापि, वर्ष की तीसरी तिमाही में उनका अंतराल कम हुआ और उसके बाद चौथी तिमाही में यह अंतराल बढ़ गया था। वार्षिक आधार पर, वित्तीय वर्ष 2015-16 में बीईआई (अपेक्षा) का चार तिमाहियों का औसत 114.0 के स्तर पर रहा जो वित्तीय वर्ष 2014-15 के 114.8 के स्तर से कम था।


## III. वित्तीय वर्ष 2015-16 में मांग की स्थिति सुस्त बनी रही

सर्वेक्षण में भारतीय विनिर्माताओं के अनुभवों को विभिन्न मानदंडों, नामतः उत्पादन, आदेश बही, क्षमता का उपयोग, इन्वेंटरी का स्तर, निर्यात एवं आयात के माध्यम से एकत्र किया जाता है। उक्त में से अधिकांश मानदंडों के संबंध में 2015-16 के दौरान संभावनाएं एक वर्ष पहले की तुलना में कमजोर रही।

2015-16 की पहली छमाही में उत्पादन के बारे में अपेक्षाओं में कमी आई, जिससे अंशतः मौसमी-तत्वों के प्रभाव का पता चलता है। तथापि, 2015-16 की दूसरी छमाही सुधार हुआ। यद्यपि, 'अपेक्षाओं' से संबंधित निवल प्रतिक्रियाएं हमेशा मूल्यांकन की तुलना में अधिक होती हैं, किंतु दोनों सीरीज के परिणाम अधिकांशतः समान होते हैं (चार्ट 3)।

2015-16 की पहली छमाही के मूल्यांकन में उत्पादन के भांति आदेश बही में गिरावट दर्ज की गई किंतु 2015-16 की दूसरी छमाही


**चार्ट 3 : उत्पादन**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = प्रतिशत वृद्धि - प्रतिशत कमी,
उत्पादन में 'वृद्धि' आशाजनक है।


[3] वित्तीय वर्ष की चार तिमाहियों के दौरान बीईआई के नौ कारोबारी मानदंडों से संबंधित निवल प्रतिक्रियाओं का साधारण अंकगणितीय औसत।

**चार्ट 4 : आदेश बुक**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = प्रतिशत वृद्धि - प्रतिशत कमी, आदेश बही में 'वृद्धि' आशाजनक है।

**चार्ट 6 : निर्यात**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = प्रतिशत वृद्धि - प्रतिशत कमी
निर्यात में 'वृद्धि' आशाजनक है।


में सुधार देखा गया। तथापि, निरपेक्ष अर्थ में उत्पादन तथा आदेश बही के संबंध में निवल प्रतिक्रियाएं वर्ष भर सकारात्मक बनी रहीं, जो स्थाई वृद्धि का सूचक है (चार्ट 4)।

क्षमता-उपयोग की संभावनाओं में भी उत्पादन की ही तरह घट-बढ़ देखी गई (चार्ट 5)। क्षमता-उपयोग की निवल प्रतिक्रियाएं (मूल्यांकन) भी 2013-14 की तीसरी तिमाही, जब यह अनुकूल स्थिति में थीं, के बाद वर्ष 2015-16 में इसमें काफी गिरावट हुई, किंतु उसके बाद 2014-15 के स्तर पर वापस आ गई।

निर्यात के संबंध में संभावनाएं 2014-15 में प्राप्त स्तर की तुलना में गिरावट को दर्शाती हैं। मूल्यांकन से पता चला कि 2015-16 की दूसरी तिमाही में भारी गिरावट के चलते समान परिवर्तन हुए हैं (चार्ट 6)।


आयात की संभावनाओं में पूरे वित्तीय वर्ष 2015-16 में गिरावट देखी गई। आगे, 2016-17 की पहली तिमाही में संभावना में सुधार होने की आशा कम है (चार्ट 7)।

**चार्ट 5 : क्षमता का प्रयोग**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = प्रतिशत वृद्धि - प्रतिशत कमी
क्षमता उपयोग में 'वृद्धि' आशाजनक है।

**चार्ट 7 : आयात**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = प्रतिशत वृद्धि - प्रतिशत कमी
आयात में 'वृद्धि' आशाजनक है।

सर्वेक्षण के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान प्रतिक्रिया देने वाली अधिकांश फर्मों (लगभग 75 प्रतिशत) ने कच्चे और तैयार माल -दोनों के इन्वेंटरी स्तरों को तिमाही आधार पर 'औसत' स्तर पर होना रिपोर्ट किया है। अन्य लोगों ने वार्षिक आधार पर, इन्वेंटरी के स्तर के 'औसत से अधिक' प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत अपेक्षाकृत रहा जबकि 2015-16 के दौरान यह प्रतिशत 'औसत से कम' था जो कि प्रतिकूल निवल प्रतिक्रियाओं के स्तर के कारण था।


## IV. वित्तीय वर्ष 2015-16 में वित्तीय स्थिति

सर्वेक्षण में वित्तीय संस्थाओं का मूल्यांकन अनेक मानदंडों अर्थात समग्र वित्तीय स्थिति, वित्त-प्रबंध, बाह्य वित्त की लागत तथा लाभ मार्जिन के आधार पर किया गया। समग्र वित्तीय स्थिति के मूल्यांकन और अपेक्षाओं में आशावादी स्तर सपाट बना रहा और वित्तीय वर्ष 2015-16 में इसकी दिशा अनुकूल थी।

जहां तक आंतरिक जमा राशि, बैंक/अन्य वित्तीय संस्थाएं तथा विदेशी वित्त जैसे विभिन्न स्रोतों से वित्त की उपलब्धता का संबंध है, अधिकांश कंपनियों (अलग-अलग स्रोतों के लिए 60-85 प्रतिशत की सीमा में परिवर्तन हुआ) ने इस स्थिति में 'कोई परिवर्तन नहीं होने' की रिपोर्ट दी है। शेष प्रतिक्रियाओं के आधार पर, मूल्यांकन आशावादी बना रहा क्योंकि अधिक कंपनियों ने खराब स्थिति की तुलना में बेहतर स्थिति का उल्लेख किया था।

अधिकांश कंपनियों द्वारा 'वित्त-प्रबंध की लागत' में 'वृद्धि' या 'कोई परिवर्तन नहीं' सूचित किए जाने के बावजूद 2015-16 के दौरान रूझान में सुधार हुआ है। यद्यपि, 2016-17 की पहली तिमाही की संभावनाओं में इसमें मामूली गिरावट होने के लिए सूचित किया गया है (चार्ट 9)।


**चार्ट 9 : पूंजी-प्रबंध की लागत**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = कमी का प्रतिशत - वृद्धि का प्रतिशत
बाहर से पूंजी प्रबंध करने की लागत में 'कमी' आशाजनक है।


'लाभ मार्जिन' के मूल्यांकन संकुचित स्तर पर बना रहा। वर्ष के दौरान 2015-16 की तीसरी तिमाही में मामूली सुधार के साथ अधोमुखी प्रवृत्ति देखी गई हैं (चार्ट 10)। 2015-16 की पहली

**चार्ट 8: समग्र वित्तीय स्थिति**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = बेहतरी का प्रतिशत - गिरावट का प्रतिशत
वित्तीय परिस्थिति में समग्ररूप से 'बेहतरी' आशाजनक है।

**चार्ट 10 : लाभ मार्जिन**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = वृद्धि का प्रतिशत - कमी का प्रतिशत
लाभ के मार्जिन में 'वृद्धि' आशाजनक है।

तिमाही में संभावना (अपेक्षा) में अधिकांशतः विस्तार हुआ था किंतु उसके बाद फिर से संकुचन हुआ था।


## V. रोजगार एवं मूल्य की स्थिति

सर्वेक्षण में रोजगार के बारे में कंपनियों की धारणाएं प्राप्त की गईं। अधिकांश कंपनियों (70-80 प्रतिशत) ने तिमाही-दर-तिमाही आधार पर रोजगार के स्तर में 'कोई परिवर्तन नहीं' होने की रिपोर्ट दी है और अन्य शेष प्रतिक्रियाओं के आधार पर, आशावादिता का स्तर पहली तीन तिमाहियों में उच्च बना रहा किंतु अंतिम तिमाही में इसके स्तर में गिरावट देखी गई थी। वर्ष 2016-17 की पहली तिमाही में संभावनों से आशावादिता के स्तर गिरावट होने की जानकारी प्राप्त होती है। मांग संभावना की प्रवृत्ति के समान वर्ष भर मूल्यांकन में लगातार अधोमुखी प्रवृत्ति देखी गई।

सर्वेक्षण में मूल्य स्थिति के संबंध में वर्तमान मूल्यांकन के साथ ही साथ कच्चे माल तथा बिक्री मूल्यों के बारे में प्रतिक्रियादाता कंपनियों के एक तिमाही आगे के मूल्यांकन की संभावनाएं प्रकट की गई हैं। कच्चे माल की लागत के संबंध में वित्तीय वर्ष 2015-16 में सुधार होना जारी रहा (चार्ट 11)।


यद्यपि, 'कच्चे माल की लागत' के बारे में निवल प्रतिक्रिया आशावादी बनी रहीं, फिर भी, चिरकालिक (ऊपर की ओर) प्रवृत्ति से पता चला कि कम कंपनियों ने यह मूल्यांकन किया और कच्चे माल की लागत बढ़ने के बारे में उनकी सभावनाएं कम रहीं। 2016-17 की पहली तिमाही के लिए संभावनाएं समान दर पर बनी रहीं। वित्त की लागत और कच्चे माल की लागत कम होने के बारे में रिपोर्ट करने वाले प्रतिक्रियाकर्ताओं के प्रतिशत में वर्ष के दौरान वृद्धि हुई है।

**चार्ट 11 : कच्चे माल की लागत**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = कमी का प्रतिशत - वृद्धि का प्रतिशत
कच्चे माल की लागत में 'कमी' आशाजनक है।

**चार्ट 12 : बिक्री मूल्य**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = वृद्धि का प्रतिशत - कमी का प्रतिशत
बिक्री मूल्य में 'वृद्धि' आशाजनक है।

बिक्री मूल्य के संबंध में निवल प्रतिक्रियाओं में वर्ष के दौरान गिरावट की प्रवृत्ति देखी गई। बिक्री मूल्य में काफी कमी होने की प्रवृत्ति मूल्यांकन में संभावनाओं की तुलना में तीव्र रही। वर्ष 2015-16 की दूसरी तिमाही में यह संकुचित स्थिति में पहुंच गई थी और उसके बाद से समान बनी हुई है (चार्ट 12)।

## VI. आकार-वार विश्लेषण

मौजूदा समय में, औद्योगिक संभावना सर्वेक्षण में, प्रतिक्रियाकर्ताओं का आकार-वार वर्गीकरण सयंत्र और मशीनरी में निवेश की गई राशि के आधार पर किया जाता है। इस प्रकार के चार वर्ग हैं : सूक्ष्म (₹2.5 मिलियन तक की निवेश राशि), लघु (₹2.5 मिलियन और ₹50 मिलियन के बीच निवेश राशि), मध्यम (₹50 मिलियन और ₹100 मिलियन के बीच निवेश राशि)[4] और बड़े (₹100 मिलियन से अधिक की निवेश राशि)। पिछले कई दौरों में, लगभग 20 प्रतिशत प्रतिक्रियाकर्ताओं को सूक्ष्स उद्यम के रूप में, 20 प्रतिशत को लघु के रूप में, 35 प्रतिशत को मध्यम


[4] एमएसएमईडी अधिनियम 2006 के अंतर्गत एमएसएमई परिभाषा के अनुसार यह वर्गीकरण किया गया है (स्रोतः वार्षिक रिपोर्ट 2015-16, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार पृष्ठ 169)

और 40 प्रतिशत को बड़े उद्यम के रूप में दर्ज किया गया है। इन वर्गों की निवल प्रतिक्रियाओं (एनआर) की गणना की गई और वित्त-प्रबंध, उत्पादन, आदेश बही, क्षमता उपयोग और बिक्री मूल्य जैसे चुनिंदा संकेतकों के लिए समग्र एनआर के साथ तुलना की गई। बड़े और मध्यम उद्यम की अधिकता होने के कारण समग्र एनआर में इनका हिस्सा अधिक रहा है। जहां, लघु कंपनियां के एनआर की स्थिति सामान्यतः समान रही, वहीं सूक्ष्म उद्यमों के एनआर में अन्य की तुलना में अधिक परिवर्तन देखा गया।

उत्पादन के मूल्यांकन में, जहां अन्य सभी एनआर दायराबद्ध थे और अपेक्षाकृत स्थिर थे, वहीं सूक्ष्म उद्यम के एनआर के संबंध में रुझानों में 2013-14 की चौथी तिमाही से गिरावट शुरू हुई, जिसमें अंततः 2015-16 की दूसरी तिमाही में और अधिक गिरावट आई (चार्ट 13)। यही समान स्थिति क्षमता उपयोग और आदेश बही, जिसके लिए मूल्यांकन 2015-16 की पहली तिमाही में संकुचन जोन में पहुंच गया था, जैसे अन्य मांग संकेतक में देखी गई है। क्षमता उपयोग में 2015-16 में बहाली के काई संकेत नहीं दिखे गए हैं (चार्ट 14 और 15)।

वर्ष 2013-16 तक की अवधि के दौरान वित्त की उपलब्धता के प्रति रुझान सूक्ष्म उद्यमों के संबंध में काफी भिन्न पाए गए और 2014-15 की दूसरी तिमाही से 2015-16 की दूसरी तिमाही के

**चार्ट 14 : आदेश बही (क्षेत्रगत वार)**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = वृद्धि का प्रतिशत - कमी का प्रतिशत
आदेश बही में 'वृद्धि' आशाजनक है।

बीच इसमें गिरावट की प्रवृत्ति देखी गई। लघु, मध्यम और बड़े उद्यमों जैसे अन्य वर्गों में वित्त-प्रबंध के संबंध में आशावादी रुझान दर्ज किए गए (चार्ट 16)।


दिलचस्प बात यह है कि बिक्री मूल्य से संबंधी रुझान दर्शाते हैं कि सूक्ष्म उद्यमों के लिए एनआर आशावादी क्षेत्र में दायराबद्ध बने

**चार्ट 13 : उत्पादन (आकार वार)**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = वृद्धि का प्रतिशत - कमी का प्रतिशत
उत्पादन में 'वृद्धि' आशाजनक है।

**चार्ट 15 : क्षमता उपयोग (आकार वार)**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = वृद्धि का प्रतिशत - कमी का प्रतिशत
क्षमता उपयोग में 'वृद्धि' आशाजनक है।

**चार्ट 16 : वित्त-प्रबंध (आकार वार)**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = वृद्धि का प्रतिशत - कमी का प्रतिशत
वित्त-प्रबंध में 'वृद्धि' आशाजनक है।

**चार्ट 17 : बिक्री मूल्य (आकार वार)**




निवल प्रतिक्रियाएं (एनआर) = वृद्धि का प्रतिशत - कमी का प्रतिशत
बिक्री मूल्य में 'वृद्धि' आशाजनक है।

रहे, जबकि बड़े आकार वाले उद्यमों के लिए एनआर में लगातार गिरावट जारी रही और वित्तीय वर्ष 2015-16 में संकुचन स्थिति से भी अधिक हो गई (चार्ट 17)।

## VII. समापन

बीईआई (मूल्यांकन) पिछले वर्ष की समान तिमाहियों के अपने स्तर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2014-15 की सभी तिमाहियों में कम रहा जो भारतीय विनिर्माण गतिविधियों में गिरावट को दर्शाता है। सभी व्यक्तिशः संकेतकों (बीईआई की गणना के लिए प्रयुक्त) से वित्तीय वर्ष 2015-16 में वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में गिरावट दर्ज होने का पता चला। समग्र कारोबारी स्थिति, उत्पादन, ओदश बही और निर्यात के संबंध में निवल प्रतिक्रियाओं में वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015-16 में विशेषरूप से काफी गिरावट देखी गई। इसके आगे, 2016-17 की पहली तिमाही के लिए बीईआई (अपेक्षा) से विनिर्माण क्षेत्र में मंदी बनी रहने के संकेत मिलते हैं।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान कच्चे माल की लागत और वित्त-प्रबंध की लागत से संबंधित रुझानों में सुधार देखा गया जबकि बिक्री मूल्य से संबंधित रुझानों में गिरावट देखी गई। लाभ मार्जिन की निवल प्रतिक्रिया ऋणात्मक बनी रही और वित्तीय वर्ष 2015-16 में भी इसमें गिरावट जारी रही। विविध आकार के वर्गों में उद्यमों के रुझान कुछ हद तक भिन्न रहे।

## अनुबंध

### सारणी 1 : उत्पादन का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)@

| वर्ष $ | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया # | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया # |
| 2010-11 | 1395 | 51.5 | 11.4 | 37.1 | 40.2 | 51.7 | 8.2 | 40.1 | 43.5 |
| 2011-12 | 1429 | 44.1 | 15.8 | 40.1 | 28.3 | 49.5 | 9.3 | 41.2 | 40.2 |
| 2012-13 | 1414 | 37.7 | 18.7 | 43.6 | 19.1 | 45.8 | 10.5 | 43.7 | 35.3 |
| 2013-14 | 1216 | 33.0 | 20.0 | 47.0 | 13.0 | 40.5 | 12.0 | 47.5 | 28.5 |
| 2014-15 | 1543 | 35.4 | 17.2 | 47.4 | 18.2 | 42.2 | 10.3 | 47.4 | 31.9 |
| 2015-16 | 1321 | 34.5 | 18.4 | 47.1 | 16.1 | 40.4 | 11.0 | 48.7 | 29.5 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 38.8 | 13.8 | 47.4 | 25.0 |

उत्पादन में 'वृद्धि' आशाजनक है

@ : प्रतिशतता का पूर्णांकन किए जाने के कारण उसका जोड़ 100 से भिन्न हो सकता है।

# : निवल प्रतिक्रिया (एनआर) आशावादी प्रतिक्रियादाताओं और निराशावादी प्रतिक्रियादाताओं की प्रतिशतता का अंतर है।

$ वार्षिक प्रतिक्रियाएं तिमाही प्रतिक्रियाओं का अंकगणितीय औसत है।

उक्त फुटनोट (@, # एवं $) 1 से 17 तक सभी सारणियों पर लागू हैं।

### सारणी 2 : आदेश बही का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 44.7 | 9.7 | 45.6 | 35.0 | 46.5 | 6.9 | 46.5 | 39.6 |
| 2011-12 | 1429 | 39.1 | 16.2 | 44.8 | 22.9 | 44.3 | 9.5 | 46.2 | 34.8 |
| 2012-13 | 1414 | 32.7 | 18.7 | 48.6 | 14.0 | 40.4 | 10.5 | 49.2 | 29.9 |
| 2013-14 | 1216 | 29.7 | 20.4 | 49.9 | 9.3 | 36.3 | 12.2 | 51.5 | 24.1 |
| 2014-15 | 1543 | 31.5 | 16.6 | 52.0 | 14.9 | 38.3 | 9.7 | 52.0 | 28.5 |
| 2015-16 | 1321 | 31.0 | 19.0 | 50.0 | 12.1 | 38.1 | 11.2 | 50.8 | 26.9 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 35.5 | 14.3 | 50.3 | 21.2 |

आदेश बही में 'वृद्धि' आशाजनक है।

### सारणी 3 : लंबित आदेशों का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य से कम | सामान्य से अधिक | सामान्य | निवल प्रतिक्रिया | सामान्य से कम | सामान्य से अधिक | सामान्य | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 12.6 | 7.2 | 80.2 | 5.4 | 10.7 | 7.3 | 82.0 | 3.5 |
| 2011-12 | 1429 | 16.2 | 5.5 | 78.4 | 10.7 | 12.4 | 6.6 | 81.0 | 5.8 |
| 2012-13 | 1414 | 18.4 | 5.1 | 76.4 | 13.3 | 14.2 | 5.6 | 80.2 | 8.7 |
| 2013-14 | 1216 | 19.1 | 4.5 | 76.4 | 14.6 | 16.1 | 4.9 | 79.0 | 11.2 |
| 2014-15 | 1543 | 17.1 | 5.2 | 77.8 | 11.9 | 12.6 | 5.5 | 81.9 | 7.1 |
| 2015-16 | 1321 | 18.7 | 4.9 | 76.5 | 13.8 | 13.8 | 6.6 | 79.7 | 7.2 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 15.1 | 4.9 | 80.0 | 10.2 |

आदेश बही में 'सामान्य से कम' होना आशाजनक है।

## सारणी 4 : क्षमता के उपयोग का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| मानदंड | विकल्प | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 |
| क्षमता-उपयोग (मुख्य उत्पाद) | वृद्धि | 24.2 | 22.2 | 23.0 | 23.3 | 30.6 | 26.6 | 27.8 | 27.7 |
| | कोई परिवर्तन नहीं | 58.7 | 58.9 | 60.5 | 59.6 | 58.7 | 61.3 | 61.6 | 62.8 |
| | कमी | 17.1 | 18.9 | 16.5 | 17.2 | 10.6 | 12.1 | 10.6 | 9.5 |
| | निवल प्रतिक्रिया | 7.1 | 3.4 | 6.6 | 6.1 | 20.0 | 14.5 | 17.2 | 18.2 |
| क्षमता उपभोग का स्तर (पिछली चार तिमाहियों के औसत की तुलना में ) | सामान्य से अधिक | 9.8 | 9.0 | 9.8 | 9.4 | 11.2 | 10.3 | 10.2 | 10.3 |
| | सामान्य | 71.4 | 70.9 | 71.4 | 71.7 | 76.6 | 74.8 | 76.5 | 76.7 |
| | सामान्य से कम | 18.9 | 20.0 | 18.8 | 18.9 | 12.3 | 14.9 | 13.2 | 12.9 |
| | निवल प्रतिक्रिया | -9.1 | -11.0 | -9.0 | -9.5 | -1.1 | -4.6 | -3.0 | -2.6 |
| उत्पादन क्षमता का मूल्यांकन (अगले छह माहों के दौरान अपेक्षित मांग के संबंध में) | पर्याप्त से अधिक | 13.3 | 14.9 | 13.9 | 14.4 | 12.6 | 14.5 | 13.0 | 14.7 |
| | पर्याप्त | 78.4 | 77.0 | 77.2 | 77.5 | 80.5 | 78.1 | 80.3 | 78.5 |
| | पर्याप्त से कम | 8.3 | 8.5 | 8.4 | 8.2 | 6.9 | 7.4 | 6.7 | 6.9 |
| | निवल प्रतिक्रिया | 4.9 | 6.0 | 5.5 | 6.2 | 5.7 | 7.0 | 6.3 | 7.8 |

क्षमता-उपयोग में 'वृद्धि' आशाजनक है।

## सारणी 5 : निर्यात का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 31.8 | 12.5 | 55.6 | 19.3 | 32.4 | 9.5 | 58.1 | 22.9 |
| 2011-12 | 1429 | 28.8 | 14.6 | 56.7 | 14.2 | 32.5 | 9.9 | 57.6 | 22.6 |
| 2012-13 | 1414 | 25.3 | 15.0 | 59.7 | 10.2 | 29.6 | 10.2 | 60.1 | 19.4 |
| 2013-14 | 1216 | 25.6 | 14.6 | 59.8 | 10.9 | 27.9 | 10.0 | 62.1 | 17.8 |
| 2014-15 | 1543 | 24.8 | 14.0 | 61.2 | 10.9 | 29.8 | 8.6 | 61.5 | 21.2 |
| 2015-16 | 1321 | 23.3 | 17.1 | 59.7 | 6.2 | 27.3 | 9.2 | 63.5 | 18.2 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 25.7 | 12.0 | 62.3 | 13.7 |

निर्यात में 'वृद्धि' आशाजनक है।

## सारणी 6 : आयात का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 27.7 | 6.7 | 65.6 | 20.9 | 26.0 | 5.4 | 68.6 | 20.6 |
| 2011-12 | 1429 | 22.9 | 8.1 | 69.0 | 14.8 | 24.1 | 6.5 | 69.4 | 17.6 |
| 2012-13 | 1414 | 20.3 | 10.7 | 69.0 | 9.6 | 22.1 | 7.4 | 70.5 | 14.7 |
| 2013-14 | 1216 | 18.8 | 11.9 | 69.3 | 7.0 | 20.0 | 9.0 | 71.0 | 11.1 |
| 2014-15 | 1543 | 19.8 | 9.3 | 70.9 | 10.5 | 19.8 | 7.0 | 73.2 | 12.9 |
| 2015-16 | 1321 | 18.4 | 10.9 | 70.7 | 7.5 | 18.2 | 8.4 | 73.5 | 9.8 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 16.7 | 10.9 | 72.4 | 5.8 |

आयत में 'वृद्धि' आशाजनक है।

## सारणी 7 : इन्वेंटरी/मालसूची (कच्चा माल और तैयार माल) के स्तर का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| मानदंड | विकल्प | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 |
| कच्चे माल की इन्वेंटरी | औसत से कम | 7.6 | 8.2 | 8.1 | 6.9 | 5.6 | 6.0 | 6.2 | 5.9 |
| | औसत | 80.4 | 78.9 | 79.2 | 80.0 | 84.3 | 83.8 | 84.0 | 83.7 |
| | औसत से अधिक | 12.0 | 13.0 | 12.7 | 13.2 | 10.0 | 10.2 | 9.8 | 10.5 |
| | निवल प्रतिक्रिया | -4.4 | -4.8 | -4.7 | -6.3 | -4.4 | -4.2 | -3.6 | -4.7 |
| तैयार माल की इन्वेंटरी | औसत से कम | 7.0 | 7.6 | 7.7 | 7.5 | 6.4 | 6.5 | 6.7 | 6.2 |
| | औसत | 78.6 | 76.6 | 76.3 | 75.5 | 84.1 | 82.3 | 82.6 | 80.9 |
| | औसत से अधिक | 14.3 | 15.8 | 16.0 | 17.1 | 9.5 | 11.2 | 10.7 | 12.9 |
| | निवल प्रतिक्रिया | -7.3 | -8.1 | -8.3 | -9.7 | -3.2 | -4.7 | -4.0 | -6.8 |

कच्चे माल और निर्मित माल की इन्वेंटरी 'औसत से कम' होना आशाजनक है

## सारणी 8 : रोजगार संभावना का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 24.0 | 6.1 | 70.0 | 17.9 | 22.7 | 4.7 | 72.5 | 18.0 |
| 2011-12 | 1429 | 21.4 | 6.9 | 71.6 | 14.5 | 22.0 | 5.3 | 72.8 | 16.7 |
| 2012-13 | 1414 | 17.3 | 9.7 | 73.0 | 7.7 | 19.2 | 6.6 | 74.2 | 12.6 |
| 2013-14 | 1216 | 13.7 | 11.5 | 74.8 | 2.2 | 14.9 | 8.1 | 77.0 | 6.8 |
| 2014-15 | 1543 | 15.4 | 9.0 | 75.6 | 6.5 | 15.8 | 6.7 | 77.6 | 9.1 |
| 2015-16 | 1321 | 15.4 | 9.5 | 75.1 | 5.8 | 15.8 | 6.6 | 77.6 | 9.2 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 15.1 | 8.0 | 76.9 | 7.1 |

रोजगार में 'वृद्धि'आशाजनक है।

## सारणी 9 : समग्र वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बेहतर | खराब | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | बेहतर | खराब | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 39.1 | 7.3 | 53.6 | 31.7 | 42.9 | 5.2 | 51.9 | 37.8 |
| 2011-12 | 1429 | 30.2 | 13.8 | 56.0 | 16.4 | 36.7 | 7.9 | 55.4 | 28.9 |
| 2012-13 | 1414 | 27.0 | 14.3 | 58.7 | 12.8 | 34.7 | 8.6 | 56.7 | 26.0 |
| 2013-14 | 1216 | 23.3 | 15.9 | 60.7 | 7.4 | 31.9 | 10.1 | 58.0 | 21.7 |
| 2014-15 | 1543 | 27.1 | 12.9 | 60.0 | 14.2 | 33.7 | 7.4 | 58.9 | 26.3 |
| 2015-16 | 1321 | 27.2 | 13.4 | 59.5 | 13.7 | 34.2 | 8.6 | 57.3 | 25.5 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 33.1 | 8.3 | 58.6 | 24.8 |

'बेहतर' समग्र वित्तीय स्थिति आशाजनक है।

## सारणी 10 : कार्यशील पूंजी के प्रबंध की आवश्यकता का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 38.1 | 4.8 | 57.0 | 33.3 | 36.6 | 3.7 | 59.7 | 32.8 |
| 2011-12 | 1429 | 39.2 | 5.5 | 55.3 | 33.7 | 38.1 | 4.5 | 57.4 | 33.6 |
| 2012-13 | 1414 | 36.0 | 6.2 | 57.8 | 29.8 | 36.0 | 4.3 | 59.6 | 31.7 |
| 2013-14 | 1216 | 33.4 | 7.2 | 59.4 | 26.2 | 33.0 | 5.8 | 61.2 | 27.3 |
| 2014-15 | 1543 | 32.5 | 6.5 | 61.0 | 26.1 | 32.8 | 5.0 | 62.2 | 27.8 |
| 2015-16 | 1321 | 30.2 | 6.5 | 63.2 | 23.8 | 30.5 | 4.8 | 64.8 | 25.7 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 30.0 | 5.4 | 64.6 | 24.6 |

कार्यशील पूंजी का प्रबंध करने में 'वृद्धि'आशाजनक है।

## सारणी 11: वित्त-प्रबंध का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| मानदंड | विकल्प | आकलन | | | अपेक्षाएं | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2013-14 | 2013-14 | 2014-15 | 2013-14 | 2013-14 | 2014-15 |
| वित्त-प्रबंध (आंतरिक संग्रहण से) | सुधार | 20.4 | 23.0 | 21.7 | 24.6 | 25.7 | 24.6 |
| | कोई परिवर्तन नहीं | 67.2 | 66.2 | 68.4 | 67.9 | 67.5 | 68.8 |
| | खराब | 12.3 | 10.7 | 9.9 | 7.5 | 6.8 | 6.7 |
| | निवल प्रतिक्रिया | 8.1 | 12.3 | 11.8 | 17.1 | 18.9 | 17.9 |
| वित्त-प्रबंध (बैंकों व अन्य स्रोतों से) | सुधार | 17.1 | 19.7 | 19.0 | 19.0 | 20.8 | 21.1 |
| | कोई परिवर्तन नहीं | 74.2 | 73.1 | 74.8 | 76.2 | 74.6 | 74.6 |
| | खराब | 8.7 | 7.2 | 6.2 | 4.8 | 4.6 | 4.3 |
| | निवल प्रतिक्रिया | 8.4 | 12.6 | 12.8 | 14.2 | 16.2 | 16.8 |
| वित्त-प्रबंध (विदेशों से, यदि लागू हो) | सुधार | 9.8 | 11.3 | 11.1 | 10.9 | 11.8 | 12.7 |
| | कोई परिवर्तन नहीं | 84.9 | 83.3 | 83.7 | 84.4 | 84.6 | 83.6 |
| | खराब | 6.3 | 5.4 | 5.2 | 4.8 | 3.6 | 3.7 |
| | निवल प्रतिक्रिया | 3.5 | 5.9 | 5.9 | 6.1 | 8.2 | 9.0 |

वित्त-प्रबंध में 'सुधार' आशाजनक है।

## सारणी 12 : बाह्य वित्त की लागत का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कमी | वृद्धि | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | कमी | वृद्धि | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 4.9 | 36.5 | 58.6 | -31.7 | 4.8 | 30.7 | 64.5 | -25.9 |
| 2011-12 | 1429 | 3.4 | 50.2 | 46.4 | -46.8 | 3.8 | 42.5 | 53.7 | -38.6 |
| 2012-13 | 1414 | 7.1 | 32.1 | 60.9 | -25.0 | 8.4 | 29.7 | 61.9 | -21.3 |
| 2013-14 | 1216 | 6.4 | 33.2 | 60.4 | -26.8 | 7.0 | 27.4 | 65.6 | -20.4 |
| 2014-15 | 1543 | 6.6 | 25.7 | 67.7 | -19.2 | 6.1 | 23.9 | 70.0 | -17.8 |
| 2015-16 | 1321 | 11.2 | 20.8 | 67.9 | -9.6 | 9.9 | 18.6 | 71.6 | -8.7 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 8.8 | 17.1 | 74.1 | -8.3 |

बाह्य वित्त की लागत में 'कमी' आशाजनक है।

## सारणी 13: कच्चे माल की लागत का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कमी | वृद्धि | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | कमी | वृद्धि | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 2.5 | 66.7 | 30.7 | -64.2 | 2.6 | 52.8 | 44.5 | -50.2 |
| 2011-12 | 1429 | 4.5 | 65.6 | 29.9 | -61.0 | 3.8 | 55.9 | 40.4 | -52.1 |
| 2012-13 | 1414 | 4.0 | 60.7 | 35.3 | -56.7 | 3.2 | 51.7 | 45.2 | -48.5 |
| 2013-14 | 1216 | 3.5 | 58.9 | 37.5 | -55.4 | 3.3 | 50.0 | 46.7 | -46.7 |
| 2014-15 | 1543 | 6.1 | 48.3 | 45.6 | -42.1 | 3.9 | 45.0 | 51.0 | -41.1 |
| 2015-16 | 1321 | 11.4 | 40.4 | 48.2 | -29.0 | 6.3 | 36.6 | 57.1 | -30.3 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 8.3 | 36.0 | 55.7 | -27.7 |

कच्चे माल की लागत में 'कमी' आशाजनक है।

## सारणी 14: बिक्री मूल्य का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 30.8 | 11.4 | 57.8 | 19.5 | 24.8 | 8.8 | 66.4 | 16.0 |
| 2011-12 | 1429 | 28.0 | 14.4 | 57.6 | 13.6 | 27.9 | 9.7 | 62.4 | 18.2 |
| 2012-13 | 1414 | 25.6 | 11.7 | 62.7 | 13.8 | 25.6 | 7.9 | 66.5 | 17.7 |
| 2013-14 | 1216 | 22.7 | 13.7 | 63.6 | 9.0 | 22.7 | 8.8 | 68.5 | 14.0 |
| 2014-15 | 1543 | 20.1 | 13.8 | 66.1 | 6.3 | 21.4 | 8.0 | 70.5 | 13.4 |
| 2015-16 | 1321 | 16.9 | 17.7 | 65.4 | -1.8 | 18.7 | 10.8 | 70.5 | 7.9 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 20.2 | 13.1 | 66.7 | 7.1 |

विक्रय मूल्य में 'वृद्धि'आशाजनक है।

## सारणी 15: लाभ के मार्जिन का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 21.2 | 24.3 | 54.5 | -3.0 | 23.8 | 17.8 | 58.4 | 5.9 |
| 2011-12 | 1429 | 16.5 | 30.4 | 53.1 | -13.9 | 21.2 | 20.7 | 58.1 | 0.5 |
| 2012-13 | 1414 | 15.6 | 31.8 | 52.6 | -16.2 | 19.9 | 22.0 | 58.1 | -2.0 |
| 2013-14 | 1216 | 13.2 | 33.5 | 53.3 | -20.3 | 17.7 | 23.2 | 59.0 | -5.5 |
| 2014-15 | 1543 | 14.1 | 28.5 | 57.4 | -14.5 | 18.3 | 20.2 | 61.6 | -1.9 |
| 2015-16 | 1321 | 13.8 | 29.5 | 56.7 | -15.8 | 18.5 | 19.8 | 61.8 | -1.4 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 18.5 | 22.1 | 59.4 | -3.6 |

लाभ के मार्जिन में 'वृद्धि'आशाजनक है

## सारणी 16: समग्र कारोबारी स्थिति का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बेहतर | खराब | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | बेहतर | खराब | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2010-11 | 1395 | 48.0 | 7.0 | 45.0 | 41.0 | 50.4 | 5.4 | 44.2 | 45.1 |
| 2011-12 | 1429 | 37.5 | 13.6 | 48.9 | 23.9 | 45.1 | 7.6 | 47.3 | 37.5 |
| 2012-13 | 1414 | 32.7 | 15.2 | 52.1 | 17.5 | 42.3 | 8.5 | 49.1 | 33.8 |
| 2013-14 | 1216 | 29.3 | 17.5 | 53.3 | 11.8 | 39.1 | 9.9 | 50.9 | 29.2 |
| 2014-15 | 1543 | 33.3 | 13.1 | 53.6 | 20.2 | 42.2 | 7.2 | 50.6 | 35.0 |
| 2015-16 | 1321 | 31.2 | 14.5 | 54.4 | 16.8 | 41.0 | 7.7 | 51.4 | 33.2 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 39.4 | 8.9 | 51.7 | 30.5 |

'बेहतर' समग्र कारोबारी स्थिति होना आशाजनक है।

## सारणी 17 : वेतन/अन्य पारिश्रमिकों का मूल्यांकन और अपेक्षाएं

(प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत)

| वर्ष | कुल प्रतिक्रियाएं | आकलन | | | | अपेक्षाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया | वृद्धि | कमी | कोई परिवर्तन नहीं | निवल प्रतिक्रिया |
| 2013-14 | 1216 | 29.5 | 3.5 | 67.0 | 26.1 | 23.9 | 2.9 | 73.2 | 21.0 |
| 2014-15 | 1543 | 31.1 | 3.9 | 64.8 | 27.2 | 26.9 | 3.3 | 69.8 | 23.6 |
| 2015-16 | 1321 | 31.9 | 2.9 | 65.3 | 29.0 | 26.6 | 3.0 | 70.3 | 23.6 |
| ति1: 2016-17 | | | | | | 33.2 | 2.9 | 63.9 | 30.3 |

वेतन/अन्य पारिश्रमिकों में 'वृद्धि' आशाजनक है।

## सारणी 18: कारोबारी अपेक्षा सूचकांक (बीईआई)

| वर्ष | बीईआई-आकलन | बीईआई-अपेक्षाएं |
|---|---|---|
| 2010-11 | 119.9 | 122.7 |
| 2011-12 | 112.7 | 119.9 |
| 2012-13 | 105.3 | 115.5 |
| 2013-14 | 100.4 | 111.7 |
| 2014-15 | 105.7 | 114.8 |
| 2015-16 | 103.4 | 114.0 |
| ति1: 2016-17 | | 110.9 |